जोगेन दत्ता बायन

अकादेमी पुरस्कार : सत्रिय नृत्य

असम के जोरहाट जिले के बुरहा कलिता गांव में 1 जुलाई 1940 को जन्मे श्री जोगेन दत्ता बायन असम के वैष्णव सत्त्रों मे विकसित नृत्य और संगीत की परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। छोटी आयु में ही माजुली द्वीप पर स्थित उत्तर कमलाबाड़ी में आपका दाखिला करा दिया गया था। जहां आपने नृत्य और संगीत में प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा वहां परमानंद बोरबायान, लोकनाथ बोरबायान, सेनीराम बोरबायान, जुराम ओझा, रोसेश्वर सैकिया बायान, और विष्णु चन्द्र देव गोस्वामी गुरुओं के अधीन अभ्यास किया। आपने नृत्य और बायान के अतिरिक्त जिन विषयों में आपको महारत हासिल है वे ओझापली, अंकिया, तथा संग्लाप हैं।

समय के साथ–साथ आगे बढ़ते हुए, श्री जोगेन दत्ता बायन ने सत्रिय नृत्य और मृदंग वादन में एक कलाकार और शिक्षक के रूप में अपना एक विशिष्ट स्थान बना लिया है। आपने युवावस्था से ही सत्रिय के बाहर देश के विभिन्न भागों में अपनी इस पारंपरिक कला का प्रदर्शन करना प्रारंभ कर दिया था. 1975 में, वह अंकिया भाओना मंडली के सदस्य बने, जिसने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के साथ इंडोनेशिया यात्रा के दौरान वहां अपनी कला का प्रदर्शन किया। आपने असम में अपनी कला का व्यापक रूप से प्रदर्शन किया, और गुवाहाटी और कोलकता में हुए बहुत से सम्मेलनों में सत्रिय कला का प्रदर्शन किया है। आपने बहुत से सत्त्रों में नृत्य और संगीत का प्रशिक्षण दिया है। जिसमें से बेंगेनती सत्रा, गरामुर सत्रा, मध्य माजुली कमलाबाड़ी सत्रा, भुगपुर सत्रा, और ऑनिअति सत्रा प्रमुख हैं। आपने कई अन्य संस्थानों में भी प्रशिक्षण दिया है जैसे बोंगशिगोपाल नाट्य समिति, श्रीमंत शंकरदेव कला परिषद, और माजुली कमलाबाड़ी केन्द्रीय संगीत महाविद्यालय सत्रा कलाओं में लंबे समय तक उनके योगदान के लिए, असम सरकार ने कई अवसरों पर श्री जोगेन दत्ता बायान का अभिनंदन किया है. उन्हें 1999 में मध्य माजुली कमलाबाड़ी की ओर से बोरबायान की उपाधि भी प्रदान की गई।

श्री जोगेन दत्ता बायन को सत्रिय नृत्य में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।